पेपरलेस मोबाइल टिकटिंग पर आमतौर पर पूछे जाने वाले प्रश्न

1) मुझे मोबाइल टिकटिंग एप का उपयोग क्यों करना चाहिए?
2) मैं यह एप कैसे डाउनलोड कर सकता हूँ?
3) इस एप के उपयोग के लिए किस प्रकार के फोन की आवश्यकता है?
4) यूटीएस मोबाइल एप से किस प्रकार के टिकट बुक किये जा सकते हैं?
5) इस एप के माध्यम से टिकट बुक करने हेतु 'लॉग इन' करने की क्या प्रक्रिया है?
6) मेरे रेलवे वैलेट (R-Wallet) को रिचार्ज करने हेतु कौन-कौन से विकल्प उपलब्ध हैं?
7) मेरे R-Wallet में कितनी मूल्य राशि रिचार्ज की जा सकती है?
8) मेरे R-Wallet में मुझे कितनी राशि का न्यूनतम बैलेंस रखना अनिवार्य है?
9) टिकट बुक करने के लिए कौन-कौन से चरण हैं?
10) क्या इस एप के जरिये सीजन टिकट अथवा यात्रा विस्तार टिकट बुक करने की सुविधा उपलब्ध है?
11) सीजन टिकट बुक करने के लिए कौन-कौन से चरण हैं?
12) प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए कौन-कौन से चरण हैं?
13) यदि मेरा मोबाइल फोन हेडसेट स्वीच ऑफ हो जाता है तब इस स्थिति में मैं कैसे अपना टिकट किस प्रकार दिखा सकता हूँ?
14) यदि मेरा मोबाइल फोन खो जाता है तब क्या मैं अपने नये मोबाइल हैंडसेट में मेरे वैध सीजन टिकट को वापस पा सकता हूँ?
15) क्या इस एप के उपयोग के लिए हेडसेट में जीपीएस आवश्यक है?
16) क्या मुझे इस एप के उपयोग के लिए हर समय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होगी?
17) क्या मैं बंद कमरे में टिकट बुक कर सकता हूँ?
18) टिकट बुक करने हेतु क्या कोई दूरी सम्बंधी प्रतिबंध है?
19) 30 मीटर एवं 2 किलोमीटर की दूरी प्रतिबंध की क्या जरूरत है?
20) मोबाइल टिकटिंग एप किस प्रकार कार्य करता है?
21) टीसी/टीटीई द्वारा टिकट जाँच के समय यदि जीपीएस कनेक्टिविटी उपलब्ध न हो तो क्या हो सकता है?
22) एन्ड्रॉयड अथवा विंडो फोन के अतिरिक्त यदि मेरे पास कोई अन्य फोन है तो क्या होगा?
23) क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड के प्रयोग से एप कैसे डाउनलोड किया जा सकता है?
24) टिकट खरीदने अथवा आर-वैलेट रिचार्ज करते समय क्या मुझे किसी प्रकार की छूट मिलेगी?
25) मोबाइल पेपरलेस टिकटिंग के मामले में कौन से नियमों एवं शर्तों का पालन करना आवश्यक है?
26) क्या मैं अपना हैंडसेट बदल सकता हूँ?
27) आर-वैलेट कैसे सरेंडर किया जा सकता है?
28) क्या मैं मोबाइल नम्बर बदलने के पश्चात भी उसी आर-वैलेट बैलेंस का उपयोग कर सकता हूँ?
29) क्या मैं पश्चिम रेलवे के किसी भी स्टेशन से मध्य रेलवे के लिए टिकट बुक कर सकता हूँ?

<u>पेपरलेस मोबाइल टिकटिंग पर आमतौर पर पूछे जाने वाले प्रश्न</u>

1) मुझे मोबाइल टिकटिंग एप का उपयोग क्यों करना चाहिए?

उत्तर- उपनगरीय टिकटें खरीदने के लिए मोबाइल टिकटिंग एप टिकट जारी करने वाला एक यात्री मित्रवत है, जिससे न केवल कतार में खड़े होने की असुविधा से बचा जा सकता है, बल्कि इससे समय एवं श्रमी की भी बचत होती है।

यह सुविधा पश्चिम रेलवे तथा मध्य रेल दोनों के उपनगरीय खंड पर उपलब्ध है।

होम

2) मैं यह एप कैसे डाउनलोड कर सकता हूँ?

उत्तर- यदि आपके पास जीपीएस सक्षम एन्ड्रॉयड अथवा विंडो आधारित स्मार्ट फोन है, तब आप अपने मोबाइल से क्रमशः गूगल प्ले स्टोर अथवा विंडो स्टोर के माध्यम से यूटीएस मोबाइल टिकटिंग एप डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि यूटीएस मोबाइल टिकटिंग एप पहले से डाउनलोड किया हुआ है तो वर्तमान उपयोगकर्ता इस एप को अपडेट कर सकते हैं।

होम

3) इस एप के उपयोग के लिए किस प्रकार के फोन की आवश्यकता है?

उत्तर- यूटीएस एप को डाउनलोड करने हेतु जीपीएस एवं इंटरनेट कनेक्शन के साथ एन्ड्रॉयड अथवा विंडो आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम वाले किसी भी प्रकार के फोन का उपयोग हो सकता है।

होम

4) यूटीएस मोबाइल एप से किस प्रकार के टिकट बुक किये जा सकते हैं?

उत्तर- इस एप की सहायता से वयस्क एवं बच्चों दोनों के लिए 'एकल तथा वापसी यात्रा' प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी टिकट, सीज़न टिकट (नया तथा रिन्युअल) एवं चुनिंदा स्टेशनों के प्लेटफॉर्म टिकट खरीदे जा सकते हैं।

होम

5) इस एप के माध्यम से टिकट बुक करने हेतु 'लॉग इन' करने की क्या प्रक्रिया है?

उत्तर- निम्नांकित सरल चरणों में 'लॉग इन' करके टिकट बुक किये जा सकते हैः-

1) अपने स्मार्टफोन में यूटीएस एप डाउनलोड कर इन्स्टॉल करें (वर्तमान उपयोगकर्ता इस एप को अपडेट करें)
2) पहली बार उपयोग करते समय उपयोगकताओं को रजिस्ट्रेशन के लिए 'साइन अप' करने की आवश्यकता होगी, वर्तमान उपयोगकर्ता अपने पासवर्ड के द्वारा सीधे लॉग इन कर सकते हैं।
3) यह ध्यान रहे आपका मोबाइल नम्बर लॉग इन के लिए आपका यूज़रनेम है।
4) शहर के रूप में 'मुंबई' का चयन करें।
5) सफल रजिस्ट्रेशन के पश्चात यात्री के रेलवे वॉलेट (R-Wallet) का निर्माण शून्य बैलेंस के साथ स्वतः ही हो जायेगा। आर-वॉलेट के निर्माण हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं है।
6) अपने मोबाइल नम्बर का उपयोग करते हुए लॉग इन करने के पश्चात रेलवे वॉलेट (R-Wallet) का बैलेंस जानने हेतु प्रोफाइल विकल्प का चयन करें।

होम

6) मेरे रेलवे वॉलेट (R-Wallet) को रिचार्ज करने हेतु कौन-कौन से विकल्प उपलब्ध हैं?

उत्तर- आप अपने रेलवे वॉलेट (आर-वॉलेट) को वेबसाइट अथवा किसी भी काउंटर से चार्ज कर सकते हैं।

1. आर-वॉलेट को किसी भी यूटीएस काउंटर पर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर को देकर रिचार्ज किया जा सकता है।
2. आर-वॉलेट को इंटरनेट के माध्यम से वेबसाइट www.utsonmobile.indianrail.gov.in पर भी रिचार्ज किया जा सकता है।

होम

7) मेरे R-Wallet में कितनी मूल्य राशि रिचार्ज की जा सकती है?

उत्तर- आप अपने आर-वॉलेट को न्यूनतम रु. 100/- से लेकर(न्यूनतम राशि) तथा इसके गुणांक में रु. 5000/- तक (अधिकतम राशि) का रिचार्ज कर सकते हैं।

होम

8) मेरे R-Wallet में मुझे कितनी राशि का न्यूनतम बैलेंस रखना अनिवार्य है?

उत्तर- आर-वॉलेट में न्यूनतम बैलेंस कितना हो, इसकी कोई न्यूनतम सीमा नहीं है। यद्यपि एक टिकट बुक करने हेतु टिकट के किराये के बराबर की राशि आपके आर-वॉलेट में उपलब्ध रहनी चाहिए।

होम

9) टिकट बुक करने के लिए कौन-कौन से चरण हैं?

उत्तर- इन सामान्य एवं सरल चरणों के माध्यम से आप सुविधापूर्वक अपने टिकट बुक कर सकते हैः-

1. अपने मोबाइल नम्बर का प्रयोग कर एप्लीकेशन में लॉग इन करें।
2. अपनी इच्छानुसार क्विक बुकिंग अथवा नॉर्मल बुकिंग मेन्यु का चयन करें।
3. किराया जानने के लिए स्टेशन 'से' स्टेशन 'तक', "वयस्क/बच्चों की संख्या", "एकल/वापसी टिकट", प्रथम/द्वितीय श्रेणी का चयन करें।
4. आर-वॉलेट में उपलब्ध बैलेंस द्वारा टिकट खरीदें।
5. सभी विकल्पों के चयन के पश्चात, 'बुक टिकट' का कमांड दें।
6. टिकट छायाचित्र के रूप में टिकट के ऊपरी भाग में "आई आर अनारक्षित टिकटिंग" स्क्रॉल के साथ दिखाई देगा।

होम

10) क्या इस एप के ज़रिये सीज़न टिकट अथवा यात्रा विस्तार टिकट बुक करने की सुविधा उपलब्ध है?

उत्तर- इस एप में सीज़न टिकट बुक करने की सुविधा उपलब्ध है परन्तु यात्रा विस्तार टिकट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस एप के माध्यम से एकल तथा वापसी यात्रा, प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के टिकट वयस्क एवं बच्चे दोनों हेतु, सीज़न टिकट (नये तथा रिन्युअल) एवं चुनिंदा स्टेशनों के प्लेटफॉर्म टिकट बुक किये जा सकते हैं।

होम

11) सीज़न टिकट बुक करने के लिए कौन-कौन से चरण हैं?

उत्तर- इन सरल एवं आसान चरणों द्वारा आप सुविधापूर्वक अपना सीज़न टिकट बुक कर सकते हैः-

1. सीज़न टिकट बुक करने हेतु मेन्यु में सीज़न टिकट का चयन करें।
2. तत्पश्चात, नये सीज़न टिकट जारी करने हेतु 'I' विकल्प तथा सीज़न टिकट के रिन्युअल हेतु 'R' विकल्प का चयन करें।

3. नये सीज़न टिकट जारी करने हेतु आपको अपने नाम, लिंग, पहचान पत्र सं. तथा पता प्रविष्ट करना होगा। इसके पश्चात आरम्भिक एवं गंतव्य स्टेशन का चयन करें।
4. अब किराये के साथ आपके मोबाइल स्क्रीन पर टिकट का संक्षिप्त विवरण देगा।
5. अपने आर-वॉलेट में उपलब्ध बैलेंस के उपयोग से टिकट खरीदें।
6. सभी विकल्पों के चयन के पश्चात 'बुक टिकट' का कमांड दें।
7. आपके मोबाइल में पेपरलेस सीज़न टिकट बुक हो जायेगा। 'शो टिकट' विकल्प द्वारा इस टिकट को रिट्रीव किया जा सकता है।
8. इस एप द्वारा दो/तीन रूटों के लिए भी टिकट जारी करने की सुविधा है।
9. सीज़न टिकट के रिन्युअल की स्थिति में, वर्तमान सीज़न टिकट की यूटीएस संख्या प्रविष्ट करनी होगी तथा यह टिकट रिन्युअल के वर्तमान नियमों के अनुसार रिन्यु हो जायेगा। वर्तमान नियमों के आधार पर टिकट 10 दिन पहले तक रिन्युअल किये जा सकते हैं।
10. उपरोक्त दिशा-निर्देशों को पूरा करने पर वर्तमान पेपर सीज़न टिकट को भी इस एप के माध्यम से रिन्यु किया जा सकता है।
11. सीज़न टिकट बुक करने की स्थिति में स्टेशन से 30 मीटर की दूरी तथा यात्रा प्रारम्भ करने के मूल स्टेशन से 2 किलोमीटर के भीतर की दूरी सीमा लागू नहीं है। इसे रेल परिसर के भीतर भी बुक किया जा सकता है।

    नोटः- इस एप के माध्यम से सभी सीज़न टिकट (नये एवं रिन्युअल) की वैधता अगले दिन से प्रारम्भ होगी।

होम

12) प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए कौन-कौन से चरण हैं?

उत्तर- इन सरल एवं आसान चरणों द्वारा आप सुविधापूर्वक सीज़न टिकट बुक कर सकते हैः-

1. प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने हेतु प्लेटफॉर्म टिकट (PF) मेन्यू का चयन करें। ड्रॉपडाउन मेन्यू में उपलब्ध स्टेशनों के विकल्प से स्टेशन का चयन करें।
2. वर्तमान में पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित स्टेशनों के लिए प्लेटफॉर्म टिकट बुक किये जा सकते हैः- मुंबई सेंट्रल, दादर, बांद्रा टर्मिनस, अंधेरी, बोरीवली तथा वसई रोड

होम

13) यदि मेरा मोबाइल फोन हेडसेट स्वीच ऑफ हो जाता है तब इस स्थिति में मैं कैसे अपना टिकट किस प्रकार दिखा सकता हूं?

उत्तर- आपके मोबाइल फोन हैंडसेट के स्वीच ऑफ हो जाने की स्थिति में आप अपना टिकट दिखाने में असमर्थ होंगे तथा आपको 'बिना टिकट यात्रा' माना जायेगा एवं निर्धारित नियमानुसार आपसे जुर्माना लिया जायेगा।

होम

14) यदि मेरा मोबाइल फोन खो जाता है तब क्या मैं अपने नये मोबाइल हैंडसेट में मेरे वैध सीज़न टिकट को वापस पा सकता हूँ?

उत्तर- हाँ, आपके वैध सीज़न टिकट को रिट्रीव किय जा सकता है। आपको नये हैंडसेट में यूटीएस एप इंस्टॉल करने की आवश्यकता होगी। इसके पश्चात आप हमारे www.utsonmobile.indianrail.gov.in वेबसाइट पर जायें तथा 'हैंडसेट चेंज' विकल्प का उपयोग करें एवं वहाँ दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें।

होम

15) क्या इस एप के उपयोग के लिए हेडसेट में जीपीएस आवश्यक है?

उत्तर- हाँ, टिकट तब ही बुक किये जा सकते हैं, जब आपका मोबाइल इंटरनेट से जुड़ा हो एवं जीपीएस इनेबल्ड हो।

होम

16) क्या मुझे इस एप के उपयोग के लिए हर समय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होगी?

उत्तर- केवल टिकट बुक करने हेतु इंटरनेट एवं जीपीएस कनेक्टिविटी की आवश्यकता है। यद्‌यपि इंटरनेट कनेक्शन एवं जीपीएस न कार्य करने की स्थिति में भी आपके मोबाइल पर टिकट इमेज उपलब्ध रहेगा तथा यात्रा के दौरान टीटीई/टीसी द्‌वारा टिकट के बारे में पूछे जाने पर आप 'शो टिकट विकल्प' का चयन करें तथा इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध न होने की स्थिति में भी इनक्रिपटेड QR कोड से टिकट प्रदर्शित होगा।

होम

17) क्या मैं बंद कमरे में टिकट बुक कर सकता हूँ?

उत्तर- हाँ, बंद कमरे में भ टिकट बुक करना सम्भव है। यद्‌यपि टिकट खुले स्थान पर बुक करना ज्यादा उचित है, जहाँ कोई बाधा न हो तथा जीपीएस लोकेशन को ट्रैक किया जा सकता हो।

यदि जीपीएस सिगनल कमजोर/सटीक न हो तब निम्नांकित मैसेज प्राप्त होगें - जीपीएस सिगनल कम है, कृपया खुले स्थान पर प्रयास करें/जीपीएस उपलब्धकर्ता पूरी तरह उपलब्ध नहीं है।

होम

18) टिकट बुक करने हेतु क्या कोई दूरी सम्बंधी प्रतिबंध है?

उत्तर- हाँ, सामान्य टिकट तथा प्लेटफॉर्म टिकट तब ही बुक किये जा सकते हैं, जब आप स्टेशन से 30 मीटर की दूरी पर हों तथा यात्रा प्रारम्भ करने के स्टेशन से 2 किलोमीटर की दूरी के भीतर हों। यद्यपि सीज़न टिकट बुक करने के समय किसी भी प्रकार की दूरी अवरोध लागू नहीं है। इसे रेलवे परिसर से भी बुक किया जा सकता है।

होम

19) 30 मीटर एवं 2 किलोमीटर की दूरी प्रतिबंध की क्या ज़रूरत है?

उत्तर- किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सुविधा के दुरुपयोग से बचने हेतु दूरी प्रतिबंध की संकल्पना इनेबल्ड की गई है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति टीसी/टीटीई को देखने के पश्चात टिकट बुक कर सकता है अथवा कोई प्रारम्भिक स्टेशन के अलावा अन्य किसी कम दूरी के स्टेशन से भी टिकट बुक कर सकता है, क्योंकि अधिकतर गंतव्य स्टेशनों पर ही टिकटों की जाँच की जाती है।

होम

20) मोबाइल टिकटिंग एप किस प्रकार कार्य करता है?

उत्तर- मोबाइल टिकटिंग एप निम्नलिखित तरीकों से कार्य करता हैः-

1. टिकट तब ही बुक किये जा सकते हैं, जब आपका मोबाइल इंटरनेट से जुड़ा हो तथा जीपीएस इनेबल्ड हो।
2. जीपीएस लोकेशन को ट्रैक किया जायेगा। यदि जीपीएस सिगनल कमजोर/सटीक न हो तब निम्नांकित मैसेज प्राप्त होगें - जीपीएस सिगनल कम है, कृपया खुले स्थान पर प्रयास करें/जीपीएस उपलब्धकर्ता पूरी तरह उपलब्ध नहीं है।
3. यह भी नोट किया जाये कि आप टिकट तब ही बुक कर सकते हैं, जब आप ट्रैक से 30 मीटर की दूरी पर तथा यात्रा प्रारम्भ करने के स्टेशन से 2 किलोमीटर की दूरी के भीतर हों।

होम

21) टीसी/टीटीई द्वारा टिकट जाँच के समय यदि जीपीएस कनेक्टिविटी उपलब्ध न हो तो क्या हो सकता है?

उत्तर- इंटरनेट कनेक्शन एवं जीपीएस कार्य नहीं करने की स्थिति में भी आपके मोबाइल पर टिकट इमेज उपलब्ध रहेगी।

यात्रा के दौरान टीटीई/टीसी द्वारा टिकट के बारे में पूछे जाने पर आप 'शो टिकट विकल्प' का चयन करें तथा इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध न होने की स्थिति में भी इनक्रिपटेड QR कोड से टिकट प्रदर्शित होगा।

होम

22) एन्ड्रॉयड अथवा विंडो फोन के अतिरिक्त यदि मेरे पास कोई अन्य फोन है तो क्या होगा?

उत्तर- वर्तमान में यूटीएस मोबाइल एप आईओएस जैसे अन्य ऑपरेटिंग सिस्टम पर उपलब्ध नहीं है। परन्तु जल्द ही इसे वहाँ भी उपलब्ध करा दिया जायेगा।

होम

23) क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड के प्रयोग से एप कैसे डाउनलोड किया जा सकता है?

उत्तर- एन्ड्रॉयड तथा विंडो फोन द्वारा क्विक रिस्पॉन्स कोड (QR) कोड स्कैन करके यह यूटीएस एप आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

होम

24) टिकट खरीदने अथवा आर-वॉलेट रिचार्ज करते समय क्या मुझे किस प्रकार की छूट मिलेगी?

उत्तर- नहीं, वर्तमान में इस एप द्वारा किसी भी प्रकार की छूट या आर-वॉलेट से रिचार्ज करने पर अतिरिक्त बोनस की योजना शुरू नहीं की गई है।

होम

25) मोबाइल पेपरलेस टिकटिंग के मामले में कौन से नियमों एवं शर्तों का पालन करना आवश्यक है?

उत्तर- उपनगरीय ट्रेनों में यात्रा करने की स्थिति में टिकट बुक करने के एक घंटे के अंदर यात्रा शुरू करनी होती है।

1. यदि यात्रा एक घंटे के भीतर शुरू न की गई हो अथवा यात्री किसी कारणवश अपने मोबाइल में टिकट दिखाने में असमर्थ रहते हैं, तो उन्हें बिना टिकट यात्री माना जायेगा।
2. पेपरलेस मोड में बुक किये गये टिकट रद्द नहीं कराये जा सकते हैं।
3. पेपरलेस टिकट के लिए प्रारम्भिक अथवा गंतव्य स्टेशन पेपरलेस टिकटिंग के लिए नामित खंड पर नहीं है, तो आप यात्रा शुरू करने के स्टेशन से टिकट का प्रिंट ले सकते हैं।

होम

26) क्या मैं अपना हैंडसेट बदल सकता हूँ?

उत्तर- टिकट केवल रजिस्ट्रेशन के समय उपयोग किये गये हैंडसेट से बुक किये जा सकते हैं। अन्य हैंडसेट से आप लॉग इन नहीं कर सकते, जिसमें निम्नलिखित मैसेज प्रदर्शित होगा- 'कृपया रजिस्टर्ड हैंडसेट से लॉग इन करें'।

यदि आप अपना हैंडसेट बदल रहे हैं तो आपको नये हैंडसेट के IMEI संख्या को अपडेट करने हेतु ई-मेल आईडी utsonmobile@cvis.org.in पर IMEI संख्या तथा मोबाइल नम्बर मेल करना होगा।

होम

27) आर-वॉलेट कैसे सरेंडर किया जा सकता है?

उत्तर- निम्नलिखित प्रक्रियाओं द्वारा आप अपना आर-वॉलेट सरेंडर कर सकते हैः-

सरेंडर वॉलेट 'SW' विकल्प के लिए प्रोफाइल विकल्प का चयन करें तथा 'सरेंडर वॉलेट' को कन्फर्म करें। एक कोड जारी होगा। इसके पश्चात आप किसी भी यूटीएस काउन्टर पर जायें तथा अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर के साथ-साथ रिफन्ड हेतु जारी कोड उपलब्ध करायें। 15 रु. के लिपिकीय चार्ज काटकर आर-वॉलेट में शेष बैलेंस आपको रिफन्ड कर दी जायेगी।

होम

28) क्या मैं मोबाइल नम्बर बदलने के पश्चात भी उसी आर-वॉलेट बैलेंस का उपयोग कर सकता हूँ?

उत्तर- आर-वॉलेट बैलेंस अहस्तानांतरणीय है। आपको आर-वॉलेट सरेंडर करनी होगी अथवा टिकट खरीदकर आप शेष बैलेंस को खत्म कर सकते हैं।

होम

29) क्या मैं पश्चिम रेलवे के किसी भी स्टेशन से मध्य रेलवे के लिए टिकट बुक कर सकता हूँ?

उत्तर- हाँ, आप इस मोबाइल एप के ज़रिये पश्चिम रेलवे से मध्य रेल एवं मध्य रेल से पश्चिम रेलवे का टिकट बुक कर सकते हैं।

होम

******